‘बिरला व्हाइट युवारत्न’

एमआईटीएस की आर्किटेक्चर स्टूडेंट ने जीता नेशनल डिजाइन अवार्ड

कंचन केसरी

मुंबई। ग्वालियर के माधव इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (एमआईटीएस) में चौथे वर्ष की स्टूडेंट जागृति जैन ने भारत का सर्वोत्तम डिजाइन पुरस्कार प्राप्त किया है। पिछले साल घोषित की गई ‘बिरला व्हाइट युवारत्न’ प्रतियोगिता के एक हिस्से के रूप में, उसने अमरावती कन्वेंशन सेंटर का कॉन्सेप्ट डिजाइन किया था। हर साल बिरला व्हाइट की ओर से आयोजित की जांने वाली प्रतियोगिता में यह अवॉर्ड आर्किटेक्चरल समुदाय का सबसे प्रशंसनीय भारतीय डिजाइन पुरस्कार है। खूबसूरत भारत के निर्माण के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘डिजाइन ऑफ इंडिया’ विजन से प्रेरित यह प्रतियोगिता युवा वास्तुकारों को डिजाइन और रचनात्मकता की सीमा से आगे बढ़ने के लिए



प्रोत्साहित करती है। इस सालाना वास्तुकला प्रतियोगिता को भारत और नेपाल के छात्रों और वास्तुकला बिरादरी की ओर से काफी सकारात्मक और उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बिरला व्हाइट को 100 संस्थानों से 2,000 से ज्यादा प्रविष्टियां मिली।